SKUAST-JAMMU KRISHAK MELA 2022

# स्कॉस्ट - जम्मू कृषक मेला 2022
# SKUAST-JAMMU KRISHAK MELA 2022

## आत्मनिर्भर भारत के लिए कृषि में विविधीकरण
## Diversification in Agriculture for Self Reliant India

**17 - 21 नवंबर, 2022**

**आयोजक**

## शेर-ए-कश्मीर कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू
**Sher-e-Kashmir University of Agricultural Sciences and Technology of Jammu**



**सहयोगी:**

- कृषि उत्पादन विभाग, जम्मू व कश्मीर
- कृषि विभाग, जम्मू
- बागवानी विभाग, जम्मू
- पशुपालन विभाग, जम्मू
- भेड़पालन विभाग, जम्मू
- रेशम कीट पालन विभाग, जम्मू
- मत्स्य पालन विभाग, जम्मू
- कमांड क्षेत्र विकास विभाग, जम्मू
- इफको, जम्मू
- खादी ग्रामोद्योग बोर्ड (के वी आई बी)
- राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)
- किसान कल्याण सलाहकार बोर्ड, जम्मू व कश्मीर
- स्कूल शिक्षा निदेशालय, जम्मू व कश्मीर
- उच्च शिक्षा विभाग, जम्मू व कश्मीर
- बागवानी योजना एवं विपणन विभाग, जम्मू व कश्मीर
- जे एंड के बैंक लि.
- ग्रामीण विकास विभाग, जम्मू व कश्मीर

## जम्मू संभाग की पंचायतों के बीच सामुदायिक तालाबों के प्रबंधन की प्रतिस्पर्धा

**मुख्य संरक्षक**
**प्रो. जे. पी. शर्मा**
**कुलपति**

**संरक्षक**
**डॉ. एस. के. गुप्ता**
**निदेशक प्रसार**

## विश्वविद्यालय का विवरण

शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू (स्कॉस्ट-जे) की स्थापना वर्ष 1999 में हुई थी। विश्वविद्यालय जम्मू क्षेत्र के कृषकों की बेहतरी के लिए शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार के उच्च मानकों को प्राप्त करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। पिछले 23 वर्षों में विश्वविद्यालय ने जम्मू क्षेत्र के किसानों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। कृषि तथा पशुधन से संबंधित बुनियादी एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान कर के विश्वविद्यालय ने कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा गुणवत्ता सुधार में भी अहम भूमिका निभाई है। पिछले दो वर्षों में विश्वविद्यालय ने 21 नई फसल प्रजातियां किसानों को सम्मर्पित की है जिसमे पीकन नट, गेहूं (JAUW-672), मक्का (SJPC-01), रेपसीड और मस्टर्ड राया (जेएम 13-5), रेपसीड और सरसों-गोबी सरसों (JGS 12-3), मूंग (JAUM-0936), राजमाश (BR-39), अखरोट की दो किस्में (SJPW-1 और JWSP-06) और नीबू (SEL-1001) आदि शामिल हैं। इनमें से बहुत सारी किस्में आस-पास के राज्यों में काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के पशु वैज्ञानिकों ने भी भेड़ में घुण प्रत्यारोपण तकनीक द्वारा मैमने को पैदा किया है। प्रसार निदेशालय के अंतगर्त नौ कृषि विज्ञान केंद्र प्रभावी रूप से कृषि की नई तकनीकों को जम्मू संभाग के अलग-अलग जिलों में किसानों तक पहुंचा रहे हैं। इसमें हाल ही में स्वीकृत कृषि विज्ञान केंद्र किश्तवाड़ एवं कृषि विज्ञान केंद्र रामवन शामिल हैं।

आर के वी वाई रफ्तार योजना के तहत स्टार्टअप के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा समर्थित 50 उद्यमियों ने अपने उद्यमों की स्थापना की है। विश्वविद्यालय ने सिंचित प्रणाली के लिए उपयुक्त घटकों के साथ 1.0 हेक्टेयर एकीकृत कृषि प्रणालियों का एक मॉडल जो एक वर्ष में 3.05 लाख रुपये का लाभ उत्पन्न करता है, विकसित कर किसानों को समर्पित किया है। विश्वविद्यालय ने नवोन्मेषी विस्तार पद्धतियाँ जैसे 'कुलपति गांवों में (V2V), 'ब्रांडिंग और विपणन' तथा 'बीज भागीदारी उत्पादन कार्यक्रमों' को अपनाकर किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने की पहल की है। अभी हाल ही में विश्वविद्यालय को तीन नए संकाय आवंटित किए गए है जिसमे बागवानी एवम वानिकी संकाय', 'डेयरी प्रौद्योगिकी संकाय ' तथा 'कृषि अभियांत्रिकी संकाय' शामिल है।

## स्कास्ट जम्मू कैसे पहुंचे

स्कॉस्ट-जम्मू विश्वविद्यालय शहर के बाहरी इलाके चट्टा में स्थित है। विश्वविद्यालय हवाई, रेल तथा सड़क मार्गों द्वारा पुरे देश से जुड़ा हुआ है। विश्वविद्यालय जम्मू बसस्टैंड से 14 किलोमीटर, रेलवे स्टेशन से 12 किलोमीटर तथा हवाई अड्डे से केवल 6 किलोमीटर की दूरी पर है। शहर से विश्वविद्यालय आने के लिए ऑटो रिक्शा, टैक्सी तथा बस उपलब्ध रहते हैं ।

## किसान मेला-2022

स्कॉस्ट जम्मू, चट्टा अपने मुख्य प्रांगण में पांच दिवसीय किसान मेले का आयोजन दिनांक 17 - 21 नवंबर, 2022 तक करने जा रहा है। मेले का मुख्य विषय "आत्मनिर्भर भारत के लिए कृषि विविधीकरण" है। इस मेले में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई तकनीकों के साथ-साथ कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा टिकाऊ खेती से जुड़ी जानकारी को जम्मू संभाग के किसानों तक पहुंचाया जाएगा। मेले में मुख्य आकर्षण मिलेट्स (मोटा आनाज) सम्मेलन, प्राकृतिक खेती, फूलों की खेती इत्यादि होगा। मेले में बड़ी संख्या में किसान कृषि से जुड़ी महिलायें, पशुपालक, कृषि व्यवसायी, कृषि आधारित उद्योगपति एवं युवा अनुसंधानकर्ता आदि सम्मिलित होगें। मेले में कृषि, बागवानी, पशु पालन एवं किसानों से सम्बन्धित अन्य विषयों पर तकनीकी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इस मेले में आस-पास के राज्यों जैसे पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा तथा लदाख के किसान तथा अन्य हितधारक भारी संख्या में भाग लेंगे।



# स्कॉस्ट - जम्मू कृषक मेला-2022 के मुख्य कार्यक्रम

**17.11.2022**

1. उद्घाटन समारोह
2. मिलेट - उत्पादन एवं मूल्य वर्धन पर कार्यशाला
3. कृषि से जुड़ी आत्मनिर्भर भारत की योजनाएं
4. किसानों, उद्यमियों तथा स्टार्ट-अप्स की कहानी उन्हीं की जुबानी
5. आधुनिक कृषि तकनीकों की प्रदर्शनी
6. फलों, सब्जियों एवं फूलों की प्रदर्शनी
7. खेत भ्रमण
8. डोगरा पगड़ी प्रतियोगिता
9. पेंटिंग प्रतियोगिता
10. ग्रामीण खेल कूद
11. सांस्कृतिक कार्यक्रम

**18.11.2022**

1. मशरूम उत्पादन से संबंधित नए उद्यम
2. वर्टीकल फार्मिंग तथा हाइड्रोपोनिक्स पर कार्यशाला
3. फलों, सब्जियों एवं फूलों की प्रदर्शनी
4. इफको का सत्र
5. खेत भ्रमण
6. ग्रामीण खेल कूद
7. बीज कंपनियो का सत्र
8. कृषि सम्बंधित मॉडल प्रतियोगिता
9. किसान गोष्ठी
10. सांस्कृतिक कार्यक्रम

**19.11.2022**

1. प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला
2. पहाड़ी क्षेत्र के लिए उपयोगी कृषि मशीनरी एवं उपकरण की प्रदर्शनी
3. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) का सत्र
4. खेत भ्रमण
5. ग्रामीण खेल कूद
6. निबंध प्रतियोगिता
7. किसान गोष्ठी
8. सांस्कृतिक कार्यक्रम

**20.11.2022**

1. पशुओं के लिए खाद्य प्रबंधन पर सत्र
2. तिलहन एवं दालों की फसलों पर कार्यशाला
3. जलवायु स्मार्ट कृषि पर सत्र
4. खेत भ्रमण
5. ग्रामीण खेल कूद
6. डॉग शो
7. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड (के. वी. आई. बी.) का सत्र
8. किसान गोष्ठी
9. सांस्कृतिक कार्यक्रम

**21.11.2022**

1. वर्ष भर चारे का उत्पादन एवं प्रबंधन पर सत्र
2. कृषि व्यावसायीकरण में नई फसलों का योगदान पर सत्र
3. स्कूली बच्चों के लिए कृषि शिक्षा पर जागरूकता
4. खेत भ्रमण
5. ग्रामीण खेल कूद
6. समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण

## लॉजिंग

विश्वविद्यालय का एक अतिथि गृह जम्मू तवी रेलवे स्टेशन के पास तथा दूसरा त्रिकुटा अंतराष्ट्रीय अतिथि गृह चट्ठा परिसर में है। पहले से आवेदन देने पर प्राप्त आवास की उपलब्धाता सुनिश्चित की जा सकती है।






| पंजीकरण शुल्क | | | |
|---|---|---|---|
| स्टाल विवरण | प्राइवेट | सहकारी / एन.जी.ओ. | एस.एच.जी. / एफ.पी.ओ. / स्टार्ट-अप |
| आकार 6′ × 8′ (ढका हुआ) | 10,000/- | 5,000/- | 3,000/- |
| आकार 40′ × 30′ (खुला हुआ) | 15,000/- | 15,000/- | 15,000/- |

**स्टाल बुकिंग के लिए संपर्क करें :**
**डॉ. आर.के. सलगोत्रा (7006769890)**

**Account details for transfer of sponsorship:**
**Asstt. Manager Farmers Hostel, J&K Bank, Chatha, Jammu;**
**A/c No.: 1235040500000057**
**IFSC : JAKA0EAURSP**

## आयोजन सचिव

- डॉ. पुनीत चौधरी (94191 42813)
- डॉ. राकेश शर्मा (9419145253)
- डॉ. विनोद गुप्ता (9419139407)
- डॉ. संजय खजूरिया (9419125917)
- डॉ. जे. स. मन्हास (9419107744)
- डॉ. संजय कौशल (9419245190)
- डॉ. सुधीर जम्वाल (9419132898)

**जम्मू संभाग की पंचायतों के बीच सामुदायिक तालाबों के प्रबंधन की प्रतियोगिता में भाग लेने तथा पंजीकरण हेतु संपर्क करें:**

**डॉ. आर. के. श्रीवास्तव (9419795823)**
**डॉ. संजय खजूरिया (9419125917)**